# 1 से 12 जून तक होगी अग्निवीर भर्ती की परीक्षा

## ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम के बाद परीक्षा केंद्रों पर होगा क्लर्क, स्टोरकीपर का टाइपिंग टेस्ट

### अग्निवीर सेना भर्ती के एडमिट कार्ड जारी

**भोपाल, 22 मई. भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए 'ज्वाइन इंडियन आर्मी' की वेबसाइट पर पंजीकृत अभ्यर्थियों की ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) 1 जून से 12 जून 2026 तक भोपाल के दो परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी.**



विभिन्न श्रेणियों के लिए यह परीक्षा प्रतिदिन चार शिफ्टों में होगी. इस वर्ष से अग्निवीर क्लर्क और स्टोरकीपर (टेक्निकल) के पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का टाइपिंग टेस्ट भी ऑनलाइन परीक्षा केंद्र पर ही लिया जाएगा. परीक्षा में शामिल होने के लिए एडमिट कार्ड 15 मई से भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं, जहां से अभ्यर्थी इन्हें डाउनलोड कर सकते हैं.

सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) के लिए भोपाल में दो केंद्र बनाए गए हैं. पहला केंद्र आईओएन डिजिटल जोन (आईडीजेड) प्रेस्टीज जयराम एजुकेशन सोसायटी, कोकता बायपास, रायसेन रोड और दूसरा केंद्र आईओएन डिजिटल जोन (आईडीजेड) आरजीपीएम, सांखेड़ी, दानिश कुंज, कोलार रोड पर स्थित है.

सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे एडमिट कार्ड का प्रिंटआउट अनिवार्य रूप से अपने साथ लाएं. साथ ही एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें और निर्धारित समय पर अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचें.

> भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है और चयन केवल योग्यता (मेरिट) के आधार पर किया जाता है. सेना भर्ती कार्यालय ने सभी अभ्यर्थियों को दलालों और धोखाधड़ी करने वालों से सावधान रहने की सख्त हिदायत दी है. भर्ती से संबंधित किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण या सहायता के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल के दूरभाष क्रमांक 0755-2540954 और 9039018588 पर कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं.


CHME Society's
**Bhonsala Military School**
"Panchawati", Post Bag No. 2, Post - Koradi T.P.S., Nagpur - 441111,
Phone : 0712-266 9201/02/03 | Email : bmsnagpur@gmail.com

**APPOINTMENT**

**भोसला मिलिटरी स्कुल, नागपुर को निम्नपद के लिए योग्य शिक्षित भूतपूर्व सैनिकों (Ex-Servicemen) की आवश्यकता है।**

| अ.क्र. | पद | पद की संख्या | सेवानिवृत्ति समय का रैंक | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मिलिटरी ट्रेनिंग इन्स्ट्रक्टर | 02 | JCO/NCO या समकक्ष | योग्यतानुसार |
| 2 | हॉर्स रायडींग इन्स्ट्रक्टर | 01 | JCO/NCO या समकक्ष | योग्यतानुसार |
| 3 | ब्रास बॅण्ड इन्स्ट्रक्टर | 01 | JCO/NCO या समकक्ष | योग्यतानुसार |

**योग्यता :**
- पद नं. 1 - सैन्य संस्थासे 'ड्रील अँन्ड वेपन' प्रशिक्षण अभ्यासक्रम उत्तीर्ण। ('अ' दर्जा के सैन्य संस्था के भूतपूर्व इन्स्ट्रक्टर को प्राधान्य)।
- पद नं. 1 - लडाकू सेना (इन्फन्ट्री) के उम्मीदवारों को प्राधान्य।
- पद नं. 2 - हॉर्स रायडींग इन्स्ट्रक्टर कोर्स करनेवाले उम्मीदवारों को प्राधान्य।
- पद नं. 3 - Army Education Corps (AEC) ट्रेनिंग अँन्ड सेंटर, पचमढ़ी से बॅण्ड मास्टर/बॅण्ड मेजर/ड्रम मेजर कोर्स करनेवाले उम्मीदवारों को प्राधान्य।

**सूचना :** उम्मीदवार का आवेदन पत्र, डिस्चार्ज बुक तथा परिचयपत्र, रंगीन पासपोर्ट साईज छायाचित्र और प्रमाणित किये हुए अन्य आवश्यक प्रमाणपत्रों के साथ दि. **1 जून 2026** को या उससे पहले ऊपर दिए गए पते पर डाक या **bmsnagpur@gmail.com** इस ई मेल पर पहुँच जाना चाहिए।
- चयनित उम्मीदवारों को साक्षात्कार (Interview) की तिथि और समय के बारे में सूचित किया जाएगा।

Col Amarendra Hardas
Commandant

Shri Rahul Dixit
Secretary

7Hills




# नौतपा से पहले 46 पहुंचा खजुराहो का तापमान

### प्रदेश में बढ़ रही गर्मी से बेहाल लोग

**भोपाल, 22 मई. प्रदेश में नौतपा से पहले ही सूरज के तीखे तेवरों ने लोगों को बेहाल करना शुरू कर दिया है. शुक्रवार को प्रदेश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी का प्रकोप देखा गया. छतरपुर जिले में तेज लू का प्रभाव रहा. जबकि छिंदवाड़ा में रात के समय भी गर्म हवाओं का सिलसिला जारी रहा.**

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य का मौसम मुख्य रूप से शुष्क बना रहा. वहीं रीवा, जबलपुर, शहडोल और सागर संभागों के जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 2.5 डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया गया. इसके विपरीत न्यूनतम तापमान में शहडोल संभाग के जिलों में करीब पौने 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई. जबकि सबसे अधिक तापमान बुंदेलखंड के छतरपुर जिले के खजुराहो और नौगांव में दर्ज किया गया. इन दोनों ही स्थानों पर पारा 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया. इसके अलावा सीधी, सतना, रीवा, मैहर, अमरपाटन, उमरिया, टीकमगढ़, दमोह और दतिया जैसे शहरों में भी अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा. दूसरी ओर हिल स्टेशन पंचमढ़ी में सबसे राहत भरी स्थिति रही, जहां न्यूनतम तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

### राजधानी में चिलचिलाती धूप से बेहाल लोग

शहर और आसपास के क्षेत्रों में भी शुक्रवार को तेज धूप के कारण लोग परेशान नजर आए. भोपाल में अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रहा. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी 24 घंटों में भोपाल का आकाश मुख्यत: साफ रहेगा. शहर में 16 से 18 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चल सकती हैं.

# यूजी-पीजी में प्रवेश की समय-सारणी जारी

## उच्च शिक्षा विभाग ने बदला कॉलेजों में प्रवेश का शेड्यूल

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 22 मई. प्रदेश के कॉलेजों में सत्र 2026-27 के लिए दाखिला लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय ने समयसारिणी में बदलाव कर दिया है.**

जिसके बाद अब शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और निजी अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संसोधित नई समय सारिणी जारी की है. विभाग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार स्नातक स्तर द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन

मप्र उच्च शिक्षा विभाग

पंजीयन आवेदन अब 21 मई से 03 जून 2026 तक किए जा सकेंगे. जबकि पंजीकृत आवेदकों के दस्तावेजों का सत्यापन 22 मई से 4 जून तक होगा. इसके बाद सीट आवंटन सूची 7 जून को जारी की जाएगी. बता दें आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान कर प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए छात्रों को 7 जून से 13 जून तक का समय मिलेगा. जबकि निर्धारित तिथि तक शुल्क का भुगतान न करने पर प्रवेश अमान्य माना जाएगा. इसके बाद शुरू होने वाले स्नातक सीएलसी प्रथम चरण के तहत ऑनलाइन पंजीयन आवेदन 8 जून से 19 जून 2026 तक होंगे और दस्तावेजों का सत्यापन 9 जून से 20 जून तक कराया जा सकेगा. इस चरण की सीट आवंटन सूची 23 जून को आएगी और शुल्क भुगतान कर प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है.

> स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण के ऑनलाइन पंजीयन आवेदन भी 21 मई से 3 जून 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे. जबकि स्नातकोत्तर के सीएलसी प्रथम चरण के लिए ऑनलाइन पंजीयन आवेदन 9 जून से 19 जून 2026 तक किए जाएंगे. उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार साफ कर दिया है कि केवल वही प्रवेश मान्य होंगे, जिनका शुल्क नियत समय सीमा में ऑनलाइन जमा हो जाएगा.

# 'ऑपरेशन क्लीन' में धराए सांसी गिरोह के सदस्य

### 07 साल तक देते रहे थे चकमा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम. जिले में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत रतलाम पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है.**

थाना स्टेशन रोड पुलिस ने सात वर्षों से फरार चल रहे कुख्यात कडियां सांसी गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब साढ़े छह लाख रुपए कीमत के चोरी गए सोना-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं. थाना स्टेशन रोड पर वर्ष 2019 में चोरी का मामला दर्ज हुआ था. इस प्रकरण में आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे और लगातार पुलिस को चकमा दे रहे थे. आरोपियों की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था.



# मलेशिया कराटे चैंपियनशिप में नियती दीक्षित ने जीते पदक

**नवभारत न्यूज**

**दमोह, 22 मई. ग्राम सकोर की होनहार बिटिया, कक्षा 8वीं की छात्रा नियती दीक्षित ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा से अंतरराष्ट्रीय मंच पर जिले का मान बढ़ाया है.**

9 मई को आयोजित इंटरनेशनल मलेशिया कराटे चैंपियनशिप में अंडर-14 एज कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड व सिल्वर मेडल जीतकर नियती ने यह साबित कर दिया कि हमारी बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं.उनकी यह उपलब्धि जिले की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणा है.कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने शुक्रवार को नियती दीक्षित से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं.

# दिग्विजय ने उठाया सोयाबीन बीज का मुद्दा

## कथित अनियमितताओं की जांच कराने की मांग उठाई

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 22 मई. पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर प्रदेश के किसानों के लिए गुणवत्तायुक्त प्रमाणित सोयाबीन बीज की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है. उन्होंने बोवनी सत्र से पहले इस मुद्दे पर तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है.**

अपने पत्र में दिग्विजय सिंह ने किसानों को उचित मूल्य पर प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने, सोयाबीन बीज के दूसरे राज्यों में निर्यात अथवा परिवहन पर रोक लगाने तथा बीज प्रमाणीकरण व्यवस्था में कथित अनियमितताओं की जांच कराने की मांग उठाई है.

> दिग्विजय सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश देश के प्रमुख सोयाबीन उत्पादक राज्यों में शामिल है, इसलिए किसानों के हितों की रक्षा करना राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में प्रमाणित बीज उपलब्ध कराना कृषि उत्पादकता बनाए रखने और किसानों को शोषण से बचाने के लिए आवश्यक है. कांग्रेस नेता ने बीज प्रमाणीकरण प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों पर भी चिंता जताई और निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने की मांग की. उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता सामने आती है तो दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए.



उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश कृषि सलाहकार परिषद के पूर्व सदस्य केदार सिरोही द्वारा भेजे गए ई-मेल में इस संबंध में गंभीर चिंता व्यक्त की गई है. पत्र में कहा गया है कि यदि किसानों को समय पर प्रमाणित बीज उपलब्ध नहीं हुआ तो उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है. इससे कृषि उत्पादन के साथ-साथ सोयाबीन खेती पर निर्भर किसानों की आर्थिक स्थिति भी प्रभावित हो सकती है.

उन्होंने इस पूरे मामले को किसानों के हितों और प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था से जुड़ा बताते हुए मुख्यमंत्री से शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की अपील की.

# 51 हजार नियुक्ति पत्र करेंगे वितरित




### 77 युवाओं को भोपाल में रेलवे नियुक्ति पत्र करेंगे वितरित

**भोपाल, 22 मई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 23 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 19वें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे.**

वे आयोजन को संबोधित भी करेंगे. इसी कार्यक्रम की कड़ी में भोपाल में रोजगार मेले का कार्यक्रम रेलवे आडोटोरियम न्यू नर्मदा क्लब हबीबगंज, भोपाल में आयोजित किया जायेगा. रेलवे के अनुसार भोपाल रेल मंडल में 77 विभिन्न पदों (सहायक लोको पायलट, जूनियर इंजीनियर, टेकनीशियन, हेल्पर, ट्रेन मेनेजर इत्यादि) पर नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए जायेंगे. साथ ही भोपाल में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों के 34 सहित कुल 101 नियुक्ति पत्र वितरित किए जायेंगे.

### 12 लाख नियुक्ति पत्र किए जा चुके जारी

रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप रोजगार मेला इस दृष्टिकोण को साकार रूप देने की महत्वपूर्ण पहल है. रोजगार मेला आरंभ किए जाने के बाद से देश भर में अब तक आयोजित 18 रोजगार मेलों के माध्यम से लगभग 12 लाख नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं. 19वां रोजगार मेला देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा. इसमें देश के सभी हिस्सों से चयनित नव नियुक्त उम्मीदवार रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग आदि सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार ग्रहण करेंगे.

### ट्राले से टकराई कश्मीर से लौट रहे परिवार की कार

**उज्जैन.** शुक्रवार सुबह गरोठ मार्ग पर कार और ट्राले के बीच भिड़ंत गई. दुर्घटना में कार सवार महिला की मौत हो गई और पति घायल हुआ है. मासूम की जान बच गई. परिवार कश्मीर से लौट रहा था. मक्सी रोड स्थित ताजपुर का रहने वाला खान परिवार कुछ दिन पहले घूमने के लिए कश्मीर गया था. जहां से अपनी कार में सवार होकर परिवार का जुबेर खान पत्नी रुबबया और मासूम बेटे उबैद के साथ वापस लौट रहा था सुबह झारडा थाना क्षेत्र के गरोठ मार्ग पर उनकी कार ट्राले से टकरा गई. दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद लोग मौके पर पहुंचे.

# सामाजिक सुधार का मॉडल बनी परिवर्तन मुहिम



**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 22 मई. अपराध नियंत्रण के साथ सामाजिक पुनर्वास को जोड़ते हुए मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नवाचार आधारित पहलों में बुरहानपुर पुलिस की 'परिवर्तन' मुहिम प्रदेशभर में प्रेरणादायी मॉडल के रूप में उभरकर सामने आई है.**

इस अभियान का उद्देश्य सिकलीगर समुदाय के युवाओं को अपराध से दूर कर शिक्षा, जागरूकता और रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ना है. पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के नेतृत्व में जिला पुलिस ने अवैध हथियार निर्माण और तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के साथ युवाओं को सम्मानजनक आजीविका अपनाने के लिए प्रेरित किया है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश तथा एसडीओपी निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में पुलिस दल लगातार गांवों, विद्यालयों, गुरुद्वारों और पुलिस थानों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर परिवारों को शासकीय कल्याणकारी योजनाओं और स्वरोजगार कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है. पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाया कि शिक्षा और आत्मनिर्भरता ही सम्मान, प्रगति और सुरक्षित भविष्य का आधार है. अभियान के सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं. अब तक चार युवाओं को रिलायंस जियो में रोजगार प्राप्त हुआ है, जबकि अन्य युवाओं को उनकी शैक्षणिक योग्यता और कौशल के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है.

> सामाजिक जागरूकता के साथ बुरहानपुर पुलिस ने संगठित अपराध के विरुद्ध भी शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई है. वर्ष 2024 से 2026 के बीच खकनार पुलिस ने अवैध हथियार निर्माण और तस्करी से जुड़े 27 प्रकरण दर्ज कर 66 आरोपियों को गिरफ्तार किया. कार्रवाई के दौरान 151 अवैध देशी पिस्तौल तथा हथियार निर्माण सामग्री की बड़ी खेप जब्त की गई, जिसे पिछले दो दशकों की सबसे बड़ी हथियार विरोधी कार्रवाई माना जा रहा है.

**राजनीति** | पहली पत्रकारवार्ता आयोजित कर मध्यप्रदेश की राजनीति में औपचारिक रूप से प्रवेश की घोषणा की

# भोपाल में कॉकरोच जनता पार्टी ने की एंट्री

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 22 मई. नवगठित संगठन कॉकरोच जनता पार्टी ने शुक्रवार को भोपाल में अपनी पहली पत्रकारवार्ता आयोजित कर मध्यप्रदेश की राजनीति में औपचारिक रूप से प्रवेश की घोषणा की. पत्रकारवार्ता में पार्टी ने युवाओं से जुड़े मुद्दों, परीक्षा अनियमितताओं और व्यवस्था परिवर्तन को अपना प्रमुख एजेंडा बताया.**




मीडिया से चर्चा करते हुए प्रदेश संयोजक मयंक ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष या राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं, बल्कि उस व्यवस्था के खिलाफ है जिसने करोड़ों युवाओं और विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है. उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक, बेरोजगारी, परीक्षा घोटाले, भ्रष्टाचार और युवाओं की लगातार अनदेखी ने नई पीढ़ी में व्यापक निराशा पैदा की है.

पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि मध्यप्रदेश में जल्द ही प्रदेश कार्यकारिणी और जिला इकाइयों का गठन किया जाएगा, जिसकी नियमावली तैयार की जा रही है. संगठन ने दावा किया कि सोशल मीडिया के माध्यम से उसे तेजी से समर्थन मिल रहा है और उसकी पहुंच लगभग 20 करोड़ लोगों तक बन चुकी है, जिसमें मध्यप्रदेश की भागीदारी सबसे अधिक है. नेताओं ने यह भी दावा किया कि शीघ्र ही पार्टी की सदस्य संख्या देशभर में 25 करोड़ के पार पहुंच जाएगी.

> पत्रकारवार्ता में पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी देशभर में बड़े स्तर पर जनसंपर्क अभियान और आंदोलन शुरू करेगी. संस्थापक सदस्यों अभिजीत दीपके, मेघानंद एस और अर्पित शर्मा के नेतृत्व में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर ऑनलाइन याचिका अभियान भी शुरू किया गया है.

## पेज एक का शेष

### ट्विशा मौत की होगी सीबीआई जांच

जवाब मांगा है। समर्थ की याचिका हाईकोर्ट में वापस ले ली है. अब इस मामले में अगली सुनवाई 25 मई को होगी. जिंसमे समर्थ के वकील अपना पक्ष रखेंगे. नवनिधि शर्मा ने कहा ने कहा कि डेडबॉडी का मामला पुलिस की ओर से पैनिक किया जा रहा है. ताकि हम जल्द से जल्द बॉडी लेकर रवाना हो जाएं. उन्होंने आगे बताया कि अमेरिका में भी डेडबॉडी को माइनस 80 डिग्री तापमान में रखने की व्यवस्था नहीं होती. इसके लिए माइनस 4 डिग्री तापमान ही पर्याप्त होता है. समर्थ की अग्रीम जमानत के लिए याचिका जबलपुर हाईकोर्ट में लगाई गई थी जिसके खिलाफ ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा ने आरोप लगाए हैं कि समर्थ 2023 से 2025 तक मध्य प्रदेश सरकार का लीगल एडवाइजर रह चुका है. इसलिए उसके संपर्क सभी जगह है उन संपकों का लाभ उठाते हुए फरारी के दौरान केस को प्रभावित कर रहा है.इधर शर्मा ने भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय सिंह को कटारा थाना प्रभारी सुनील दुबे को हटाने के लिए भी पत्र लिखा है.

### अपराध दर्ज होने वाले दिन मिल गयी अग्रिम जमानत

सकती है. हाईकोर्ट जस्टिस ए के सिंह की एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए गिरीबाला सिंह को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. याचिका पर अगली सुनवाई 25 मई को निर्धारित की गयी है. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ पैरवी करते हुए एकलपीठ को बताया कि गया था कि भोपाल की पूर्व सत्र व जिला न्यायाधीश की बहू ट्विशा शर्मा की 12 मई को रात में संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी थी. भोपाल की कटारा हिल्स पुलिस ने 14 व 15 मई की दरम्यानी रात को गिरीबाला सिंह तथा उनके बेटे समर्थ सिंह के खिलाफ दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज किया था. एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई के दौरान कहा कि दोनों पक्ष के लोग मीडिया के माध्यम से आरोप प्रत्यारोपण कर रहे है. सुनवाई के दौरान बताया गया कि अनावेदिका की तरफ से कोई अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुआ है. एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई के बाद अनावेदिका को नोटिस जारी करते हुए उक्त आदेश जारी किये. प्रदेश सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता तथा महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पक्ष रखा.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14